# आचार संहिता



ALSTOM
• mobility by nature •

« जहाँ तक नैतिकता और
अनुपालन का सवाल है,
हम सभी जिम्मेदार हैं »



# चेयरमैन और सी.ई.ओ का संदेश

— हमारी महत्वाकांक्षा संवहनीय और सुव्यवस्थित गतिशीलता के लिए अग्रणी वैश्विक नवोन्मेषी संस्था बनना है। इस महत्वाकांक्षा के मूल में उच्चतम नैतिक मानकों और सभी लागू कानून तथा हमारे आंतरिक नियमों व प्रक्रियाओं के अनुपालन के संबंध में हमारी प्रतिबद्धता है। यह न केवल सही दृष्टिकोण है बल्कि अच्छे और संवहनीय व्यापार तथा विकास का तरीका भी है और यह हमारे आवश्यक मूल्यों यथा – स्फूर्ति, समावेशिता और जवाबदेही में अंतर्निहित है।

— यह आचार-संहिता हमें एल्स्टॉम में अपने संपूर्ण कैरियर के दौरान मार्गदर्शन करेगी। मैं आपको इसे पढ़ने और हमारी आचार-संहिता के सिद्धांतों और नियमों को अपनाने के लिए आमंत्रित करता हूँ और यदि आप किसी सवाल पर दिशानिर्देश चाहते हैं तो संकोच न करें। आइए, हम अपने सहकर्मियों के लिए एक आदर्श बनें और अपने सामूहिक नैतिक प्रयासों में भाग लेने के अवसरों की तलाश करें, उदाहरण के लिए हमारे नैतिकता व अनुपालन प्रतिनिधि समुदाय का सदस्य बनना।

— हमारी आचार संहिता, हमारे बिना यानी एल्स्टॉम टीम के बिना प्रभावी नहीं है। निरंतर सुधार और सुधारात्मक कार्रवाइयाँ अनुपालन कार्यक्रम का अभिन्न अंग हैं। यदि आप कदाचार से चिंतित हैं या उसके गवाह हैं, तो मैं आग्रह करता हूँ कि आप हमारी आंतरिक रिपोर्टिंग प्रणाली, एल्स्टॉम अलर्ट प्रक्रिया का सदुपयोग करते हुए नैतिकता और अनुपालन टीम का ध्यान चिंताओं की ओर आकर्षित करें। यदि जाँच में हमारे नियमों के उल्लंघन का पता चलता है, तो अनुशासनात्मक क़दम उठाए जाएँगे और मैं यह सुनिश्चित करूँगा कि सद्भाव में अपनी चिंता व्यक्त करने वाले किसी भी व्यक्ति पर, किसी भी रूप में बदले की कार्रवाई नहीं की जाए।

— एल्स्टॉम में हमारे मूल्य और हमारे नैतिक नियम गर्व और एकता के स्रोत हैं। वे हमारी सबसे मूल्यवान संपत्तियों में से एक हैं और हम अपनी मान्यताओं और मार्गदर्शन के स्रोत के रूप में उनसे शक्ति ग्रहण करना जारी रखेंगे।

— हमारे सफल भविष्य के लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम में से प्रत्येक व्यक्ति आचार संहिता लागू करने और अपनी टीमों के भीतर और बाहरी दुनिया में इसे बढ़ावा देने के लिए दैनिक प्रतिबद्धता को बरकरार रखें। जहाँ तक नैतिकता और अनुपालन का सवाल है, हम सभी जिम्मेदार हैं।

**Henri Poupart-Lafarge**
चेयरमैन व उएज

# हमारे आदर्श

हम तीन आवश्यक गुणों को साझा करते हैं – स्फूर्ति, समावेशिता और जवाबदेही। ये गुण एल्स्टॉम कर्मचारियों के कामकाजी जीवन की प्रेरणाशक्ति हैं।

## – स्फूर्ति –

**हम चुस्ती से काम करते हैं, पूर्वानु ान लगाते हैं, निरंतर सीखते और अनुकूल बनते हैं।**

- हम अपनी गति और उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, अपने परिवेश में होने वाले बदलावों का अनुमान लगाते हैं और उनके अनुकूल बनते है। सीखने के मौक़ों का फ़ायदा उठाते हुए, सशक्त होकर और प्रभावी ढंग से अपने हितधारकों के साथ तालमेल बिठाएँ, ताकि हम इस स्पर्धा में आगे रहें। अनु ान

## – समावेशिता –

**हम मतभेद स्वीकार करते हैं।**

- हम कार्य परिवेश तथा संस्कृति में समावेशी गतिशीलता वाले समाधान तैयार करते हैं जहाँ सभी मतभेदों को बिना किसी पूर्वाग्रह के अपनाया जाता है, सम्मान दिया जाता है और उसका परिस्थिति के अनुकूल ढाला जाता है। एल्स्टॉम में हर किसी को योगदान करने और सफलता प्राप्त करने का अवसर मिलता है।

## – जिम्मेदार –

**हम अपने कर्मचारियों, अपने ग्राहकों और समाज के प्रति जिम्मेदार कंपनी हैं।**

- हम अपनी प्रतिबद्धता निभाते हैं।
- हम निष्पक्ष तरीके से काम करते हैं और अपने व्यवहार और कार्यों के साथ–साथ हमारे द्वारा लिए गए निर्णयों के परिणामों की जवाबदेही स्वीकार करते हैं।
- जहाँ तक नैतिकता और अनुपालन तथा सुरक्षा नियमों का सवाल है, हम जिम्मेदारी से काम करते हैं।

# विषय-सूची


**आचार संहिता क्या है?** p. 6

**संहिता किन पर लागू होती है?**

कर्मचारी के दायित्व p. 7

मैनेजर के दायित्व p. 7

नैतिक निर्णयन p. 8

एल्स्टॉम इंट्रीग्रिटी प्रोग्राम p. 8

संसाधन p. 9

चिंताओं की रिपोर्टिंग p. 9

**हम अपना व्यापार कैसे संचालित करते हैं**

1 कानून और विनियमों का अनुपालन p. 11

2 एल्स्टॉम के सभी नियमों और नीतियों का अनुपालन p. 11

3 एंटी मनी लॉन्डरिंग p. 11

4 भ्रष्टाचार और रिश्वत की रोकथाम p. 12

5 प्रतिस्पर्धा कानूनों का अनुपालन p. 13

6 निर्यात नियंत्रण और व्यापार प्रतिबंध p. 14

7 हितों का टकराव p. 15

8 उपहार और आतिथ्य p. 16

9 आंतरिक नियंत्रक p. 17

**हमारे व्यापार भागीदारों के बीच भरोसा पैदा करना**

1 ग्राहक p. 19

2 सप्लायर और ठेकेदार p. 20

3 बिक्री भागीदार p. 21

4 सरकारी खरीद p. 21

**हम जिम्मेदार संगठित नागरिक हैं**

1 पर्यावरण संरक्षण p. 23

2 सामुदायिक संबंध p. 23

3 राजनीतिक योगदान और गतिविधि p. 24

4 धर्मार्थ योगदान p. 24

5 प्रायोजन p. 24

**सम्मान और समावेशिता**

1 मानव अधिकारों का सम्मान p. 26

2 कर्मचारियों के साथ संबंध p. 26

3 कैरियर प्रबंधन p. 26

4 समान अवसर, समावेशिता, और गैर-भेदभाव p. 27

5 स्वास्थ्य और सुरक्षा p. 28

6 डेटा प्राइवेसी p. 29

7 कर्मचारियों की सुरक्षा p. 29

**कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा**

1 कंपनी के IT संसाधनों का उपयोग p. 31

2 गोपनीय जानकारी का सम्मान p. 32

3 अंदरूनी लेन-देन p. 33

4 बौद्धिक सम्पदा p. 33

5 सामाजिक नेटवर्क का उपयोग p. 34

6 विश्लेषकों और/या निवेशकों के साथ संचार p. 34

7 मीडिया के साथ संचार p. 34

# आचार संहिता क्या है ?



**एल्स्टॉम की हमारी सभी व्यावसायिक गतिविधियों में नैतिक और क़ानूनी आचरण के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता है। इस प्रतिबद्धता को बनाए रखने और अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए, हमारी साझा जिम्मेदारी है कि सभी लागू मानकों और अपेक्षित व्यवहारों को समझें। आचार-संहिता ऐसा मौलिक उपकरण है जो दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों में हमारा मार्गदर्शन करने में सहायता प्रदान करता है।**


यह एक उच्च-स्तरीय दस्तावेज़ है जिसमें हमारे मूल्य, क़ानून, नियम, व्यवहार संबंधी अपेक्षाएँ और एल्स्टॉम के निर्देशों के बारे में जानकारी शामिल हो। इसमें प्रमुख विषय क्षेत्रे ों के अनुप्रयोग को समझने में मदद करने के लिए व्यावहारिक उदाहरण भी शामिल हों संहिता आपके हर सवाल का जवाब देने के लिए अभिप्रेत नहीं है, बल्कि, यह आपके मार्गदर्शन का प्रारंभिक बिंदु है और यदि आपको अधिक जानकारी की आवश्यकता है, तो इससे आपको सही संसाधन खोजने में मदद मिलेगी।

## संहिता किन पर लागू होती है ?

- सभी कर्मचारी
- एल्स्टॉम द्वारा नियंत्रित कोई भी संस्था
- अन्य संस्थाएँ *

* एल्स्टॉम द्वारा जो नियंत्रित नहीं हैं, उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे इस संहिता में निहित सभी क़ानूनी आवश्यकताओं और सिद्धांतों को समान रूप से लागू करें। ऐसी कोई भी संस्था, जो इस तरह के नियमों और सिद्धांतों को नहीं अपनाती है, वह आगे की जाँच और उपयुक्त सुधारात्मक कार्रवाई के अधीन होगी

## कर्मचारी के दायित्व



**एल्स्टॉम के प्रत्येक कर्मचारी का व्यक्तिगत कर्तव्य है कि वह नैतिक और सुसम्मत व्यावसायिक आचरण की मिसाल कायम करे। इस जिम्मेदारी का पालन करते हुए, आपको यह करना चाहिए:**

- इस आचार संहिता में निहित मुद्दों और संबंधित दिशा–निर्देशों की बुनियादी समझ हासिल करें।
- जानकारी के साथ–साथ, आपसे इस दस्तावेज़ के नवीनतम संस्करण को जानने और लागू करने की अपेक्षा की जाती है।
- आपके काम के लिए प्रासंगिक एल्स्टॉम के सबसे नवीनतम निर्देशों और प्रक्रियाओं के बारे में पूरी जानकारी रखें और नियमित रूप से अद्यतन जानकारी प्राप्त करते रहें।
- अपने मैनेजमेंट या किसी अन्य व्यक्ति से, यथा . कानूनी, आंतरिक नियंत्रण, आंतरिक लेखा–परीक्षा, नैतिकता व अनुपालन के प्राधिकृत प्रतिनिधि या मानव संसाधन प्रतिनिधि(यों) से आचार–संहिता, एल्स्टॉ के सत्यनिष्ठा कार्यक्रम, या एल्स्टॉ के निर्देशों से संबंधित अपने किसी भी प्रश्न के लिए मार्गदर्शन प्राप्त करें।
- एल्स्टॉम की अलर्ट प्रक्रिया सहित आपके लिए उपलब्ध सभी नैतिकता व अनुपालन संसाधनों से परिचित रहें।
- कदाचार से संबंधित किसी भी चिंता के बारे में तुरंत रिपोर्ट करें।

**आचार–संहिता का पालन न करने पर आपको या एल्स्टॉम को प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है।**

## मैनेजर के दायित्व



**सभी मैनेजरों की जिम्मेदारी है कि वे नैतिक और सुसम्मत व्यवहार के उच्च मानक स्थापित करें। सत्यनिष्ठा कार्यक्रम को बढ़ावा देने, जोखिम का पता लगाने और उसे कम करने, और उचित पाए जाने पर मुद्दों को आगे बढ़ाने के लिए एल्स्टॉम मैनेजरों पर निर्भर हैं। मैनेजर के रूप में अपनी भूमिका में आपसे अपेक्षा की जाती है कि:**

- संहिता के विषयों और दिशानिर्देशों की गहन जानकारी रखें
- कर्मचारियों के साथ और जहाँ उपयुक्त हो, तीसरे पक्ष के साथ संहिता, एल्स्टॉम के निर्देशों और लागू कानूनों से संबंधित जानकारी साझा करें
- सुनिश्चित करें कि आपकी टीम संहिता और प्रासंगिक एल्स्टॉम निर्देशों पर सभी आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त करती है
- व्यापार अनुपालन के जोखिमों को पहचानें और उनका समाधान करें
- सुनिश्चित करें कि आपके कार्यात्मक जोखिम क्षेत्रों से संबंधित प्रक्रियाओं को अच्छी तरह से संप्रेषित, समझा और कार्यान्वित किया जाता है
- अपने देश में लागू क़ानूनों और नियमों के अनुसार अपनी टीम में एल्स्टॉम अलर्ट प्रक्रिया को बढ़ावा दें
- आपको सूचित मुद्दों को संबंधित विभाग तक आगे बढ़ाएँ
- समस्याओं का समाधान करने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई करें
- एल्स्टॉम के निर्देशों और क़ानून का अनुपालन करें

**आचार–संहिता का पालन न करने पर आपको या एल्स्टॉम को प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है।**

# नैतिक निर्णयन



**इस संहिता में निहित जानकारी आपको सुसम्मत और नैतिक व्यावसायिक निर्णय लेने में मदद करने के लिए साधन प्रदान करेगी। हालांकि, कुछ सवालों के जवाब आसान नहीं हैं। कार्रवाई करने से पहले, निर्णय लेते समय निम्नलिखित पर विचार करें:**

- क्या एल्स्टॉम के नियमों और निर्देशों द्वारा इस क्रियाविधि को अनु ति दी गई है?
- क्या यह निर्णय एल्स्टॉम को ग़ैरक़ानूनी या अनैतिक स्थिति में ले जाएगा?
- क्या यह क्रियाविधि एल्स्टॉम की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाएगी?
- क्या स्थिति वास्तविक या कथित हितों के टकराव का कारण बन सकती है?
- क्या मैंने अपने कार्यों के संभावित परिणामों पर सावधानी से विचार किया है?
- क्या मैं सहयोगियों, परिवार या दोस्तों को अपना निर्णय समझाने में असहज महसूस करूँगा?
- क्या मैंने किसी अच्छे निर्णय पर पहुँचने में मेरी मदद करने के लिए उपलब्ध कंपनी के सभी संसाधनों के साथ परामर्श किया ह?

## एल्स्टॉम इंट्रीग्रिटी प्रोग्राम

**एल्स्टॉम नैतिक रूप से व्यापार करने और सभी लागू वैश्विक नियमों, क़ानूनों और विनियमों का अनुपालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।** एल्स्टॉम इंटीग्रिटी प्रोग्राम स्वीकार्य व्यावसायिक आचरण की नींव रखता है और सभी कर्मचारियों को मुख्य अनुपालन अधिकारी, नैतिकता व अनुपालन पेशेवरों, समूह निर्देशों, नियमित संचार और प्रशिक्षण तथा नैतिकता व अनुपालन प्रतिनिधि समुदाय तक पहुँच सहित सत्यनिष्ठा की संस्कृति को बनाए रखने के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करता है। कार्यक्रम नैतिकता और अनुपालन कार्यक्रमों के लिए उद्योग की सभी मौजूदा सर्वोत्तम प्रथाओं के आधार पर बनाया गया है और इसे नियमित रूप से अद्यतन किया जाता है।

## संसाधन



**आपके समर्थन और मार्गदर्शन के लिए कई संसाधन उपलब्ध हैं। आपके कोई सवाल हैं, किसी मुद्दे पर चर्चा करना या जानकारी चाहते हैं, तो आप निम्नलिखित में किसी से भी संपर्क कर सकते हैं:**

- प्रबंधन
- मानव संसाधन
- क़ानूनी
- नैतिकता और अनुपालन
- कोई नैतिकता और अनुपालन प्रतिनिधि
- आंतरिक नियंत्रण या आंतरिक लेखा-परीक्षा

आप निम्नलिखित इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का उपयोग करके अतिरिक्त जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं:

- नैतिकता और अनुपालन शेयरप्वाइंट साइट : https://alstomgroup.sharepoint.com/sites/TrEthicsAndCompliance_Community/SitePages/Home.aspx
- एल्स्टॉम मैनेजमेंट सिस्टम (AMS) पर निर्देश, नीतियाँ और दिशानिर्देश
- एल्स्टॉम इंटरनेट साइट: http://www.alstom.com/commitments/ethics

## चिंताओं की रिपोर्टिंग




**एल्स्टॉम में कई अलग-अलग तरीके हैं जिन माध्यमों से आप चिंताओं को रिपोर्ट कर सकते हैं। यदि आपको इस संहिता, एल्स्टॉम निर्देश या कानून के उल्लंघन की आशंका है, तो आप अपने मैनेजर, मानव संसाधन या कानूनी विभाग के साथ मामला उठा सकते हैं। यदि आप इनमें से किसी संसाधन से बात करने में सहज नहीं हैं, तो आप निम्नलिखित में से किसी एक को चिंता रिपोर्ट कर सकते हैं:**

- क्षेत्र के लिए सीनियर वाइस प्रेसिडेंट या वाइस प्रेसिडेंट
- क्षेत्रीय वाइस प्रेसिडेंट, क़ानूनी और अनुपालन विभाग

- **सामान्य परामर्शदाता :**

  Emmanuelle Petrovic
  48, rue Albert Dhalenne
  93482 Saint-Ouen-sur-Seine Cedex, France
  +33 1 1 57 06 10 36
  emmanuelle.petrovic@alstomgroup.com

- **मुख्य अनुपालन अधिकारी:**

  Inge De Venter
  48, rue Albert Dhalenne
  93482 Saint-Ouen-sur-Seine Cedex, France
  +33 1 57 06 19 42
  inge.de-venter@alstomgroup.com

इसके अतिरिक्त, एल्स्टॉम में ङ्गअलर्ट प्रोसीजरङ्ग नामक एक टूल है जो फ़ोन लाइन और वेब-आधारित पोर्टल प्रदान करता है जिसका गोपनीय रूप से रिपोर्ट करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। अलर्ट या चेतावनी प्रक्रिया कर्मचारियों, ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं या ऐसे किसी भी तीसरे पक्ष के लिए उपलब्ध है, जिनके साथ हम व्यापार करते हैं और इसका उन क़ानूनों और विनियमों के अनुसार उपयोग किया जाना चाहिए जो उस देश में लागू हैं, जहाँ आप रहते या काम करते हैं।

चेतावनी प्रक्रिया (अश्रशीं झीलशवीश) के माध्यम से रिपोर्टिंग के 2 तरीक़े हर दिन 24 घंटे, सप्ताह के 7 दिन, वर्ष के 365 दिन उपलब्ध हैं:

- सुरक्षित वेबसाइट: www.alstom.ethicspoint.com (रिपोर्ट करने वाले स्वयं जानकारी दर्ज करेंगे)
- सुरक्षित वेबसाइट पर देश द्वारा सूचीबद्ध टोल-फ़्री नंबर - (रिपोर्ट करने वाले लाइव ऑपरेटर से बात कर सकते हैं)

कर्मचारी की गोपनीयता को बनाए रखने के लिए हर संभव उपाय किया जाएगा। कोई भी कर्मचारी सद्भाव से मामले की रिपोर्टिंग या अनुवर्तन अपेक्षित किसी मामले में सहयोग करने के लिए किसी भी प्रकार के प्रतिशोध से नहीं गुज़रेगा।

# हम अपना व्यापार कैसे संचालित करते हैं

क़ानून और विनियमों का अनुपालन

एल्स्टॉम के सभी नियमों और नीतियों का अनुपालन

एंटी मनी लॉन्डरिंग

भ्रष्टाचार और रिश्वत की रोकथाम

प्रतिस्पधा क़ानूनों का अनुपालन

निर्यात नियंत्रण और व्यापार प्रतिबंध

हितों का टकराव

उपहार और आतिथ्य


आंतरिक नियंत्रक

# कानून और विनियमों के साथ अनुपालन

**एल्स्टॉम** उन सभी देशों में हमारे व्यापार पर लागू होने वाले क़ानून, विनियम और अन्य आवश्यकताओं का **पालन करके अपनी प्रतिष्ठा को बनाए रखता है,** जहाँ हम संचालित करते हैं और मौजूद हैं। प्रत्येक कर्मचारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है कि वह अपने काम या किसी विशिष्ट कार्य से संबंधित या उन्हें प्रभावित करने वाले क़ानून, विनियम और आवश्यकताओं को जानें। किसी भी क़ानून या नियमों के उल्लंघन से कर्मचारियों या एलस्टॉ पर नागरिक या आपराधिक मुकदमा चलाया जा सकता है।

अपने उच्च नैतिक लक्ष्यों को बनाए रखने के लिए, हमें कुछ मानकों के अनुपालन की भी आवश्यकता होती है, जो लागू राष्ट्रीय क़ानूनों और विनियमों से अधिक हो सकते हैं। हम आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD), संयुक्त राष्ट्र के मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा, ग्लोबल कॉम्पैक्ट के सिद्धांतों, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की मौलिक प्रथाओं, इंटरनेशनल चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स और फ्रेंच ड्यूटी ऑफ़ विजिलेन्स लॉ के मार्गदर्शक सिद्धांतों का अनुपालन करते हैं।

# एल्स्टॉम के नियमों और नीतियों का अनुपालन



हमारे व्यवसाय पर लागू होने वाले क़ानून और विनियमनों के अलावा, एल्स्टॉम ने आंतरिक नियमों, निर्देशों, दिशानिर्देशों और नीतियों को लागू किया है जो सभी कर्मचारियों की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों को नियंत्रित करते हैं। प्रत्येक कर्मचारी को एल्स्टॉम के सभी नियमों का पालन करना चाहिए और कोई उल्लंघन या अनुपालन न होने की स्थिति में बर्खास्तगी तक की और बर्खास्तगी को शामिल करते हुए, अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है।

# एंटी मनी लॉन्डरिंग

**मनी लॉन्डरिंग यानी काला धनशोधन, आपराधिक गतिविधियों** यथा कर की चोरी, भ्रष्टाचार, वित्तीय धोखाधड़ी या आतंकवाद से प्राप्त धन को लेने और उन्हें वैध दिखने के लिए अवैध रूप से प्राप्त धन को छिपाने **की प्रक्रिया है।** मनी लॉन्डरिंग को रोकने के लिए एल्स्टॉम में प्रक्रियाएँ स्थापित हैं। हम हमेशा सत्यापित करते हैं कि धन कहाँ से आया है, सम्मानित साझेदारों के साथ व्यापार में जुड़ते करते हैं, और सभी लागू एंटी-मनी लॉन्डरिंग क़ानूनों और विनियमों के अनुपालन में वित्तीय लेन-देन करते हैं।

यदि लेन-देन के बारे में कुछ भी संदिग्ध या अनुचित लगता है, या वह एंटी-मनी लॉन्डरिंग क़ानूनों, विनियमों या एल्स्टॉम की नीतियों और प्रक्रियाओं का उल्लंघन कर सकता है, तो अपने मैनेजर या वित्त विभाग के साथ मामले को उठाएँ।

# भ्रष्टाचार और रिश्वत की रोकथाम

**एल्स्टॉम ईमानदारी के साथ व्यापार करने की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।** इसका मतलब है कि हम भरोसे और इस परस्पर समझ के आधार पर संबंध बनाते हैं कि हमारे व्यापार लेन-देन में भ्रष्ट व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**हम रिश्वत नहीं लेंगे और ना ही देंगे।** आपको व्यवसायिक लाभ प्राप्त करने या व्यवसाय को बनाए रखने के उद्देश्य से, अनुकूल व्यवहार के बदले में व्यक्तिगत भुगतान, या उपहार की पेशकश, भुगतान, माँग या स्वीकृति नहीं करनी या देनी चाहिए। इस निषेध में सुविधा भुगतान शामिल हैं जो क़ानूनी रूप से उचित वैध चैनलों के माध्यम से किए जाने वाले अनिवार्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं के अनुमोदन को तेज़ी से आगे बढ़ाने के लिए किए जाने वाले छोटे भुगतान हैं। सुविधा भुगतान एक प्रकार का छोटा भ्रष्टाचार है और एल्स्टॉम की नीति के खिलाफ़ और कई देशों में ग़ैर- क़ानूनी है।

जिन देशों में हम काम करते हैं, वहाँ सभी रिश्वतखोरी-विरोधी और भ्रष्टाचार कानूनों का पालन करना सभी कर्मचारियों की साझा जिम्मेदारी है। एल्स्टॉम पूरी तरह से OECD एंटी-ब्राइबेरी कन्वेंशन, फ्रांसीसी आपराधिक क़ानून, यूएस फ़ॉरेन करप्ट प्रैक्टिस एक्ट (FCPA), 2007 के फ्रांसीसी भ्रष्टाचार-विरोधी अधिनियम और फ्रांसीसी भ्रष्टाचार-विरोधी क़ानून Sapin II, यूके ब्राइबेरी एक्ट 2010, और उन सभी देशों में, जहाँ हम मौजूद हैं और काम करते हैं, लागू क़ानूनों और विनियमों की आवश्यकताओं के अनुपालन के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। एल्स्टॉम इंटरनेशनल चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स (ICC) के स्वैच्छिक मानकों और रिसोर्स गाइड टू यूएस फ़ॉरेन करप्ट प्रैक्टिस एक्ट के मार्गदर्शन का अनुसरण करता है। इनमें से किसी भी क़ानून का उल्लंघन गंभीर अपराध है जिसके परिणामस्वरूप बतौर संगठन एल्स्टॉम और व्यक्तिगत रूप से कर्मचारियों को भारी जुर्माना देना पड़ सकता है। यहाँ तक कि इन क़ानूनों के उल्लंघन का आभास भी, एल्स्टॉम की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचा सकता है और कर्मचारियों को जोखिम में डाल सकता है।

अधिक विस्तृत मार्गदर्शन के लिए एल्स्टॉम निर्देश LGL WMS 020, बिक्री पार्टनर देखें या नैतिकता व अनुपालन विभाग की सलाह लें।

**— व्यावहारिक उदाहरण —**

**प्र एक सहकर्मी ने सिफ़ारिश की कि मैं एक स्थानीय ञ्सलाहकारञ् की नियुक्ति करूँ जो हमारे द्वारा शिपिंग किए जाने वाले कुछ उपकरणों पर सीमा-शुल्क निकासी प्राप्त करने में मदद करेगा। सलाहकार ने भारी रिटेनर शुल्क की माँग की है और कहा है कि इस पैसे का इस्तेमाल यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा कि हमें शिपमेंट के लिए हरी झंडी मिल जाए और साथ में ञ्तेज़ी से मामला निपटाने में मदद मिले।ञ् चूँकि हम नहीं जानते कि यह पैसा कहाँ जा रहा है, क्या इस व्यवस्था की अनुमति है?**

नहीं, इस तरह का भुगतान छिपा रिश्वत हो सकता है और इसकी अनुमति नहीं है। एल्स्टॉम में बिक्री सलाहकारों को काम पर रखने के लिए बेहद सख्त समुचित सावधानी बरती जाने वाली स्क्रीनिंग प्रक्रिया है और इस प्रक्रिया में उनकी गतिविधियों की निगरानी करना शामिल है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम जिन्हें भी काम पर रखते हैं वह हमारी ओर से अनुचित भुगतान नहीं कर रहा है।

**प्र हमारे बड़े ग्राहकों में से एक ने हमारे उप-ठेकेदार को बताया कि यदि हम एक निश्चित राशि का भुगतान करेंगे तो उससे हमारे अनुबंध जीतने की गारंटी होगी। उप-ठेकेदार ने हमें इस प्रस्ताव के बारे में बताया और कहा कि उन्हें इससे कोई आपत्ति नहीं होगी और वे भावी इनवॉइस में शुल्क को शामिल कर सकते हैं और इसे "विविध" कह सकते हैं। क्या यह व्यवस्था स्वीकार्य है?**

नहीं। इस प्रकार का भुगतान निर्णय को अनुचित तरीके से प्रभावित करने के लिए किया जाता है और इसे रिश्वत माना जाता है। इस प्रकार का भुगतान ग़ैर-क़ानूनी हैं। हमें उप-ठेकेदार को सूचित करना चाहिए कि वह ऐसा कोई भुगतान न करे और नैतिकता व अनुपालन या क़ानूनी विभाग को सूचित करे।

**प्र एल्स्टॉम नया कार्यालय स्थापित कर रहा है और स्थानीय अधिकारियों ने अनुरोध किया है कि हम इससे पहले कि हमें वहाँ रहने की अनुमति मिले, विविध ञ्शुल्कञ् का भुगतान करें। अनुरोध की राशि बड़ी नहीं है, क्या इस शुल्क का भुगतान करना ठीक है ताकि हम उस कार्यालय में जा सकें?**

नहीं। यह भुगतान वैध शुल्क नहीं है इसलिए हमें इसका भुगतान नहीं करना चाहिए। यदि आपको इस मुद्दे पर और समर्थन की आवश्यकता है, तो नैतिकता व अनुपालन या क़ानूनी विभाग से संपर्क करें।

# प्रतिस्पर्धा क़ानूनों का अनुपालन

**प्रतिस्पर्धा क़ानून यह सुनिश्चित करता है कि कंपनियाँ बाज़ार में उचित रूप से प्रतिस्पर्धा करें। एल्स्टॉम संबंधित सभी प्रतिस्पर्धा क़ानूनों का अनुपालन करता है और पूरी तरह से निष्पक्ष और खुली प्रतिस्पर्धा के आधार पर कारोबार करता है।** एल्स्टॉम के कर्मचारियों को प्रतिस्पर्धियों के साथ किसी भी ऐसे समझौते में भाग नहीं लेना चाहिए, जो प्रतिस्पर्धा को रोकता या प्रतिबंधित करता है, जैसे कि क़ीमतें तय करना, बोली प्रक्रिया को तोड़-मरोड़ना, बाज़ार या ग्राहकों को साझा करना, उत्पादन को सीमित करना या ग्राहक या सप्लायर का बहिष्कार करना।

एल्स्टॉम कर्मचारियों को प्रतिस्पर्धा क़ानूनों के उल्लंघन में प्रतियोगियों के साथ व्यावसायिक रूप से संवेदनशील जानकारी का आदान-प्रदान नहीं करना चाहिए और व्यापार संघों में भाग लेते समय विशेष ध्यान रखना चाहिए। संवेदनशील जानकारी में मूल्य-निर्धारण से संबंधित जानकारी, बिक्री या खरीद की शर्तें, गुणवत्ता, विशेषताएँ, उत्पादों का निष्पादन, लाभ, मार्जिन और उत्पादकता डेटा, बिक्री या ऑर्डर के आँकड़े, ग्राहक, उत्पादन आउटपुट, क्षमता, लागत, निवेश योजना और अनुसंधान व विकास शामिल हैं।

**प्रतिस्पर्धा-रोधी आचरण में एल्स्टॉम को गंभीर जुर्माने के लिए बाध्य करने और हमारी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने की क्षमता है।** इसके अलावा, व्यक्तियों को संभावित रूप से कारावास सहित नागरिक, श्रम या आपराधिक प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। प्रतिस्पर्धा क़ानूनों के सख्त



अनुपालन के वास्तविक और ठोस लाभ हैं: यह नवोन्मेष, उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का निर्माण, उपभोक्ताओं की सुरक्षा को बढ़ावा देता और प्रोत्साहित करता है, और एल्स्टॉम की सत्यनिष्ठा के साथ व्यापार करने की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

क्योंकि नियम जटिल हैं और हर देश में भिन्न हैं, कर्मचारियों को आवश्यकता के अनुसार स्पष्टीकरण के लिए नैतिकता व अनुपालन या क़ानूनी विभाग से परामर्श करना चाहिए।

अधिक विस्तृत मार्गदर्शन के लिए एल्स्टॉम निर्देश LGL WMS 007, प्रतिस्पर्धा का अनुपालन या एंटीट्रस्ट नियम देखें।

**— व्यावहारिक उदाहरण —**

**प्र मैं एक व्यापार संघ की बैठक के कॉफ़ी विराम के दौरान अलग-अलग प्रतियोगियों के सेल्स मैनेजरों से मिला। प्रतियोगी A ने कहा: 'अगले महीने हम शायद अपनी क़ीमतें 5% बढ़ा रहे हैं।' प्रतियोगी B ने सहमति जताई कि 'वाक़ई इतनी राशि बढ़ाई जानी चाहिए। B लेकिन एल्स्टॉम प्रतिनिधि के रूप में- मैंने कुछ भी नहीं कहा। अगले महीने सभी तीन कंपनियों ने क़ीमतें बढ़ा दी। क्या मैं सुरक्षित पक्ष में हूँ क्योंकि मैंने कुछ नहीं कहा?**

नहीं, भले ही आपने कुछ भी नहीं कहा, फिर भी यह मूल्य-निर्धारण समझौता होगा। यदि ऐसी चर्चा होती है, तो आपको आपत्ति उठानी चाहिए, बैठक छोड़नी चाहिए, और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आपकी आपत्ति और आपका प्रस्थान बैठक के कार्यवृत्त में विधिवत परिलक्षित हों। आपको घटना पर क़ानूनी विभाग को रिपोर्ट भी भेजनी चाहिए जो अगले चरणों पर फ़ैसला लेगी।

**प्र मैं अक्सर व्यापार प्रदर्शनियों में भाग लेता हूँ और कभी-कभी मेरी मुलाक़ात ऐसे सहयोगियों से होती है जो प्रतिस्पर्धियों के लिए काम करते हैं। कभी-कभी उपस्थित लोग व्यापार प्रदर्शनी के बाद आपस में बार या रेस्तरां में मिलते-जुलते हैं। हम काम के विषयों से दूर रहने की कोशिश करते हैं लेकिन हाल ही में एक शो के दौरान प्रतिस्पर्धी के लिए काम करने वाले किसी व्यक्ति ने किसी ऐसी नई तकनीक का उल्लेख किया जो वे विकसित कर रहे हैं और उसकी बारीक़ियों पर चर्चा होने लगी। क्या यह बातचीत ठीक है?**

नहीं। उत्पाद, उत्पाद विकास, प्रौद्योगिकी, या मूल्य-निर्धारण के बारे में प्रतिस्पर्धियों के साथ किसी भी प्रकार की बातचीत की अनुमति नहीं है। यदि आप इस स्थिति का सामना करते हैं, तो आपको तुरंत बातचीत बंद करनी चाहिए और नैतिकता व अनुपालन विभाग को इसकी जानकारी देनी चाहिए।

# निर्यात नियंत्रण और व्यापार प्रतिबंध




**एल्स्टॉ एक वैश्विक संगठन है जो विश्व भर की गतिविधियों में संलग्न है।** हम अपनी गतिविधियों पर लागू होने वाले सभी व्यापार प्रतिबंधों और निर्यात नियंत्रण क़ानून का पालन करते हैं। नागरिक और सैन्य, दोनों क्षेत्रों से संबंधित अनुप्रयागे ों में शामिल कम्पोनेन्ट्स, सॉ फ़्टवेयर और तकनीकी डेटा जैसी दोहरे उपयोग वाली तकनीकों और उत्पादों के लिए विशेष देखरेख ज़रूरी है।

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में शामिल एल्स्टॉम कर्मचारियों के लिए, आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आपकी गतिविधियाँ नवीनतम लागू नियमों का पालन करें और नैतिकता व अनुपालन तथा क़ानूनी विभाग से आवश्यक मार्गदर्शन और स्पष्टीकरण प्राप्त करें। इन क़ानून और विनियमों का पालन करने में विफलता की वजह से, एल्स्टॉम और इससे जुड़े कर्मचारियों को गंभीर प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है, जिसमें भावी निर्यात पर प्रतिबंध और आपराधिक दंड शामिल हैं।

अधिक विस्तृत मार्गदर्शन के लिए एल्स्टॉम निर्देश LGL WMS 029, निर्यात नियंत्रक और व्यापार प्रतिबंध देखें या नैतिकता व अनुपालन विभाग की सलाह लें।

— व्यावहारिक उदाहरण —

**प्र मुझे फ्रांस से एक दक्षिण एशियाई देश में स्थित ग्राहक के लिए बोगी बेयरिंग के तत्काल निर्यात की ज़रूरत है, जो व्यापार प्रतिबंधों के अधीन नहीं है। मेरे विचार में निर्यात नियंत्रण नियम लागू नहीं होंगे, और मुझे नहीं लगता है कि बेयरिंग को दोहरे उपयोग की वस्तु माना जा सकता है। क्या मैं शिपमेंट का काम आगे बढ़ा सकता हूँ?**

नहीं, यूरोपीय संघ का दोहरा उपयोग विनियमन कुछ बेयरिंगों को दोहरे उपयोग की वस्तुओं के रूप में वर्गीकृत करता है और यह यूरोपीय संघ के बाहर सभी निर्यात पर लागू होता है (भले ही गंतव्य देश प्रतिबंधों के अधीन नहीं है)। किसी भी शिपमेंट से पहले, आपको यह जाँचना होगा कि क्या निर्यात वस्तु को निर्यात लाइसेंस की आवश्यकता के लिए दोहरे उपयोग विनियमों द्वारा विनियमित किया गया है।

**प्र मैंने एक ऐसे COMESA देश में पर्याप्त व्यापार के अवसर के बारे में सुना जहाँ एल्स्टॉम ने कुछ परियोजनाओं को निष्पादित किया है। संभावित ग्राहक प्रॉजेक्ट को जल्दी और तेजी से आरंभ करना चाहता है। अगले चंद हफ़्तों में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएँगे। क्या मुझे किसी पूर्व अनुमोदन का अनुरोध करने की आवश्यकता है?**

हाँ। किसी नए व्यापार अवसर से संबंधित किसी भी दस्तावेज़ पर (बाध्यकारी हो या नहीं) हस्ताक्षर करने से पहले, आपको यह जाँचना होगा कि लक्षित देश व्यापार प्रतिबंधों के अधीन है या नहीं और आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करना चाहिए।

# हितों
# का टकराव

हितों का टकराव तब होता है जब व्यक्तिगत स्वार्थ एल्स्टॉम के वैध व्यावसायिक हितों के साथ हस्तक्षेप करता है। यदि आप (या आपके परिवार के सदस्य या रिश्तेदार) की व्यक्तिगत, सामाजिक, वित्तीय या राजनीतिक गतिविधियाँ एल्स्टॉम में आपकी पेशेवर जिम्मेदारियों में हस्तक्षेप करती हैं, तो हितों का टकराव हो सकता है। यदि आपको वास्तविक या कथित हितों के टकराव की स्थिति का सामना करना पड़ता है, तो आपको इसका अपने प्रबंधन यानी मैनेजमेंट के सामने खुलासा करना होगा।

**निम्नलिखित स्थितियाँ हितों का टकराव पैदा कर सकती हैं:**

- बाहरी रोजगार
- निदेशक या सलाहकार के रूप में सेवारत होना
- किसी मौजूदा या संभावित आपूर्तिकर्ता, ग्राहक, प्रतियोगी, परामर्श कंपनी या एल्स्टॉम के किसी व्यावसायिक भागीदार के पास कोई निवेश करना या रखना
- किसी व्यावसायिक भागीदार के साथ सीधे लेन-देन करना, जो ग्राहक, आपूर्तिकर्ता, बिक्री भागीदार या अन्य तीसरा पक्ष हो सकता है, यदि आपके परिवार के सदस्य या रिश्तेदार उस तीसरे पक्ष द्वारा नियोजित हैं
- पूर्व सरकारी कर्मचारियों या उनके परिवार के सदस्यों को काम पर रखना

**हितों के टकराव को रोकने के लिए,** कर्मचारियों को उन सभी परिस्थितियों में सही समझ का उपयोग करना चाहिए और उचित रूप से कार्य करना चाहिए जहाँ व्यापार निर्णयों की निष्पक्षता कमज़ोर हो सकती है।

**अधिक विस्तृत मार्गदर्शन के लिए एल्स्टॉम निर्देश LGL WMS 015, हितों के टकराव का प्रबंधन देखें या नैतिकता व अनुपालन विभाग की सलाह लें।**

**— व्यावहारिक उदाहरण —**

**प्र मेरे भाई का एक ऐसी छोटी कंपनी में हिस्सा है, जो एल्स्टॉम का सप्लायर है। हम व्यापार की बात नहीं करते हैं और मैं उस सप्लायर का उपयोग करने से संबंधित किसी भी निर्णय में शामिल नहीं था। क्या मुझे इस रिश्ते का खुलासा करना चाहिए?**

हाँ, आप ऐसा करें। यह संभव है कि आपका रिश्ता हितों के टकराव का आभास पैदा करे। आपको मानव संसाधन और अपने मैनेजर से इस संबंध का खुलासा करना चाहिए और आवश्यक प्रकटीकरण फ़ॉर्म भरना चाहिए। भले ही कोई प्रत्यक्ष टकराव नहीं है, फिर भी टकराव का आभास आपके और एल्स्टॉम के लिए समस्याएँ पैदा कर सकती है।



# उपहार और आतिथ्य




**व्यावसायिक संबंधों के संदर्भ में,** मूर्त उपहार या आतिथ्य का आदान-प्रदान हितों के टकराव का आभास दे सकता है और अच्छे व्यापार निर्णय के साथ हस्तक्षेप कर सकता है। एल्स्टॉम यह सुनिश्चित करता है कि सभी व्यावसायिक निर्णय प्रतिस्पर्धा, निष्पादन और हमारे द्वारा प्रदान की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की गुणवत्ता पर आधारित हों। किसी भी तरह का लाभ प्राप्त करने या क़ानून, प्राप्तकर्ता के नियम, आचार संहिता या लागू एल्स्टॉम निर्देशों के उल्लंघन में किसी व्यवसाय के निर्णय के परिणाम को प्रभावित करने के लिए कोई भी उपहार या आतिथ्य प्रदान नहीं किया जा सकता है।

**कोई भी उपहार या आतिथ्य अनिवार्य** रूप से एल्स्टॉम के उपहार और आतिथ्य निर्देश में निहित संबंधित मौद्रिक सीमाओं और पूर्व अनुमोदन प्रक्रिया के अनुरूप होना चाहिए। सभी उपहार और आतिथ्य क़ानूनन और वैध व्यावसायिक उद्देश्य के लिए होने चाहिए।

**एल्स्टॉम के कर्मचारियों को किसी ऐसे उपहार,** मनोरंजन, ईवेंट टिकट, लॉजिंग, अनुग्रह, सेवा, ऋण, संपत्ति या उपकरण के उपयोग, या विशेष व्यवहार के अन्य रूपों सहित किसी भी सशुल्क चीज़ की पेशकश करने, स्वीकार करने, परिवार के किसी सदस्य या रिश्तेदार को लेने के लिए अधिकृत करने की मनाही है, जो अनुचित तरीके से व्यापार निर्णयों को प्रभावित कर सकता है।

अधिक विस्तृत मार्गदर्शन के लिए एल्स्टॉम निर्देश LGL WMS 010, उपहार और आतिथ्य देखें या नैतिकता व अनुपालन विभाग की सलाह लें।

— व्यावहारिक उदाहरण —

**प्र मुझे एक आपूर्तिकर्ता से उपहार के रूप में एक iPad प्राप्त हुआ और उन्होंने इसे मेरे आद्याक्षर के साथ व्यक्तिगत बनाया। मुझे पता है कि मुझे इसे स्वीकार नहीं करना चाहिए, लेकिन मैं उनका अपमान नहीं करना चाहता और चूँकि यह पहले से ही उकेरा हुआ है, क्या इसे रखना ठीक है?**

नहीं। विनम्रता से आपूर्तिकर्ता को आइटम लौटाएँ और एल्स्टॉम की नीति समझाएँ। यदि आपको मदद चाहिए तो आप इस समस्या से निपटने में सहायता के लिए नैतिकता व अनुपालन/क़ानूनी विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

**प्र जब भी कोई बड़ा प्रॉजेक्ट पूरा होता है तो ग्राहक को आम तौर पर एक एल्स्टॉम ट्रेन मॉडल उपहार देने का रिवाज है। ट्रेन मॉडल काफ़ी मूल्यवान हैं, फिर भी, चूँकि हम नियमित रूप से ऐसा करते हैं, क्या इस वर्ष फिर से अनुमोदन प्रक्रिया से गुज़रना ज़रूरी है?**

हाँ, भले ही यह पहले से अनुमोदित रहा हो, फिर भी आपको आवश्यक अनुमोदन प्रक्रिया से गुज़रना होगा। एल्स्टॉम में उपहार और आतिथ्य की समीक्षा और अनुमोदन के लिए स्पष्ट प्रक्रिया मौजूद है। अतिरिक्त मार्गदर्शन के लिए आपको नैतिकता व अनुपालन/क़ानूनी विभाग से परामर्श करना चाहिए।

**प्र क्या मैं एल्स्टॉम ग्राहक को ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम का टिकट दे सकता हूँ जहाँ मैं नहीं जा पा रहा हूँ?**

इस प्रकार के आतिथ्य के लिए, एल्स्टॉम के किसी व्यक्ति को उपस्थित होना चाहिए और सैर-सपाटे के हिस्से के रूप में ग्राहक के साथ वैध व्यवसाय का संचालन करना चाहिए। इसके अलावा, मनोरंजन पर खर्च उचित होना चाहिए और एल्स्टॉम के उपहार और आतिथ्य निर्देश में निहित स्वीकार्य मौद्रिक सीमा से अधिक नहीं होना चाहिए।

# आतंरिक नियंत्रक

**सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी के रूप में एल्स्टॉम को** लेखांकन और वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित सभी मामलों में **सही और सटीक जानकारी प्रदान करनी चाहिए।** किसी भी अनियमितता के लिए कंपनी के साथ–साथ, इसके लिए जिम्मेदार लोगों के लिए भी गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं।

**हमारे खाता–बहियों और अभिलेखों की शुद्धता को सुनिश्चित करने के लिए एल्स्टॉम में आंतरिक नियंत्रण ढाँचा है।** हमने लेखांकन प्रविष्टियों, वित्तीय रिपोर्टिंग, और एल्स्टॉम आंतरिक नियमों और प्रक्रियाओं, लागू क़ानूनों, विनियमों और आवश्यकताओं के अनुपालन की सटीकता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए विस्तृत प्रक्रियाओं को लागू किया है। हम उचित लेखांकन और वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए एल्स्टॉम रिपोर्टिंग और एकाउंटिंग मैनुअल का सख्ती से अनुपालन करते हैं।

नैतिक और क़ानूनी आचरण के लिए **धोखाधड़ी का पता लगाना और उसकी रोकथाम एल्स्टॉम की प्रतिबद्धता का बुनियादी हिस्सा है।** धोखाधड़ी ऐसा कोई भी काम है, जो किसी ग़ैर–क़ानूनी फ़ायदे के लिए धोखा देने, चोरी करने या झूठ बोलने के इरादे से किया जाता है। धोखाधड़ी में ये काम शामिल हो सकते हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं, झूठे व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत करना, जाली चेक बनाना या चेक में बदलाव करना, कंपनी की संपत्ति का ग़बन या दुरुपयोग करना, लेन–देन या नकद भुगतान का अनधिकृत संचालन या दुरुपयोग, फुटकर नकदी का दुरुपयोग करना या कोई ऐसी लेखांकन प्रविष्टि करना जो एल्स्टॉम लेखांकन नियमों के अनुरूप नहीं है।

यह सुनिश्चित करना सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि सभी रिकॉर्ड, रिपोर्ट या जानकारी सटीक, सही, निष्पक्ष और समयबद्ध हों। इन अभिलेखों में शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं: अनुमानों पर वित्तीय रिपोर्ट, शोध रिपोर्ट, विपणन सूचना, बिक्री रिपोर्ट, कर विवरणी, व्यय रिपोर्ट, मार्जिन रिपोर्ट, समय–पत्रक, पर्यावरणीय और सामाजिक जानकारी तथा सरकारी या नियामक निकायों को प्रस्तुत होने वाले कोई अन्य दस्तावेज़। सभी दस्तावेजों को एल्स्टॉम की अभिलेख अवधारण नीति और डेटा गोपनीयता नियमों के अनुसार प्रबंधित, संग्रहीत और अभिलेखित किया जाना चाहिए। आपको ऐसे दस्तावेज़ों को कभी नष्ट नहीं करना चाहिए जो किसी नागरिक, आपराधिक या नियामक कार्यवाही में प्रासंगिक हो सकते हैं।

**अधिक विस्तृत मार्गदर्शन के लिए एल्स्टॉम निर्देश SEC PRO 002, चोरी की रिपोर्टिंग व जाँच तथा LGL PRO 002, वैश्विक यात्रा व व्यय नीति देखें। HRM POL 007**

**प्रश्नों के लिए आंतरिक नियंत्रण या वित्तीय विभाग के कर्मी से परामर्श करें।**

**— व्यावहारिक उदाहरण —**

**प्र** **मैं अपने विभाग में बजट को ट्रैक करने के लिए जिम्मेदार हूँ। हाल ही में एक सहकर्मी ने मुझसे संपर्क किया और कहा कि किसी प्रॉजेक्ट में लागत कुछ अधिक होती नज़र आ रही है और जब बजट को बहाल किया जाएगा तो वह अगले वित्त वर्ष में कुछ खर्चों को अंतरित करना चाहेगी। अंततः लागतों का सही हिसाब लगाया जाएगा, इसलिए क्या अगले वित्तीय वर्ष में लागतों को अंतरित करना ठीक रहेगा?**

नहीं। आपको व्यय के समय को कभी गलत नहीं बताना चाहिए। खर्च के लिए लेखांकन प्रविष्टियों को हमेशा समय पर और सही तरीके से और उस वित्तीय वर्ष में प्रविष्ट किया जाना चाहिए जब वे खर्च किए जाते हैं। अशुद्ध या गलत लेखांकन से कंपनी या उस कर्मचारी के लिए गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

**प्र** **कुछ महीने पहले काम से जुड़ी यात्रा पर मैं सफ़र के दौरान अपने द्वारा किए गए सभी खर्चों को प्रस्तुत करना भूल गया था। अब मैं एक अलग यात्रा के लिए व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाला हूँ और सोच रहा था कि पिछली रिपोर्ट में जो छूट गया था, उन्हें कुछ नए खर्चों में थोड़ा बढ़ा कर दिखा सकता हूँ। यह छोटी सी बात लगती है क्योंकि समग्र प्रतिपूर्ति समान ही होगी। क्या इस तरह मेरा खर्चों को संभालना ठीक है?**

नहीं। व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत करते समय आपको सही और ईमानदारी से सभी चीज़ों का हिसाब देना चाहिए। झूठी व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत करना धोखाधड़ी है और इससे लेखांकन रिकॉर्ड ग़लत होंगे जिसके लिए आपको या कंपनी को आपराधिक दंड का सामना करना पड़ सकता है।

# हमारे व्यापार भागीदारों के बीच भरोसा पैदा करना



# ग्राहक

**एल्स्टॉम अपने ग्राहकों को उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने वाले उच्च गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।** हम अपने उद्योग में अग्रणी बनने के लिए दक्षता, विकास, नवोन्मेष और संवहनीयता के प्रति समर्पित हैं।

अनुबंध वार्ता या ग्राहक परियोजनाओं से जुड़े किसी भी व्यक्ति को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ग्राहकों को दिए गए बयान, संचार और प्रस्तुतियाँ सही और सटीक हों। सभी कर्मचारियों का दायित्व है कि वे संवेदनशील और गोपनीय ग्राहक जानकारी की रक्षा करें और इस डेटा का खुलासा केवल उन व्यक्तियों के लिए किया जाना चाहिए जिन्हें ऐसी जानकारी को जानने और रखने की क़ानूनन आवश्यकता है।



# सप्लायर और ठेकेदार



**एल्स्टॉम बाहरी तीसरे पक्ष जैसे कि सप्लायर, ठेकेदार और सलाहकारों के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है।** वस्तुओं और सेवाओं की खरीद योग्यता, मूल्य, गुणवत्ता, निष्पादन, वितरण, संवहनीयता और उपयुक्तता जैसे तटस्थ और वस्तुपरक मानदंडों पर आधारित है।

**ये संबंध सोर्सिंग और सप्लाई चेन प्रक्रियाओं द्वारा संचालित होते हैं** जो यह सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं कि सभी सप्लायर और ठेकेदारों के साथ समान व्यवहार किया जाए। सप्लायर और ठेकेदारों के चयन और प्रबंधन में हितों के टकराव और पक्षपात की मौजूदगी से बचने के लिए सभी उपाय किए जाते हैं। किसी विशेष सप्लायर या ठेकेदार के लिए अनुकूल निर्णय लेने के बदले में कर्मचारियों को कोई क़ीमती चीज़ स्वीकार करने से रोका जाता है। बाहरी तीसरे पक्ष के साथ संबंधों को सावधानी से प्रबंधित किया जाना चाहिए ताकि निर्णय लेने के मामले में समझौते के आभास से बच सकें।

**एल्स्टॉम अपने सप्लायर** और ठेकेदारों से अपेक्षा करता है कि वे नैतिकता और संवहनीय विकास चार्टर पर हस्ताक्षर करें और अपनी गतिविधियों तथा व्यावसायिक परिवेश से संबंधित सभी लागू क़ानूनी आवश्यकताओं का सख्ती से पालन करें।

अधिक विस्तृत मार्गदर्शन के लिए एल्स्टॉम निर्देश LGL WMS 016, सप्लायर तथा ठेकेदारों के साथ भ्रष्टाचार की रोकथाम; SCG WMS 011, संवहनीय विकास प्रक्रिया; SCG FRM 002, नैतिकता व संवहनीय विकास चार्टर; LGL WMS 014 परामर्शी कंपनियाँ देखें या नैतिकता व अनुपालन विभाग की सलाह लें।

**— व्यावहारिक उदाहरण —**

**प्र हम कंप्यूटर उपकरणों के लिए नए सप्लायर की तलाश कर रहे हैं। हमारे RFP पर प्रत्युत्तर देने वाले एक सप्लायर ने अच्छे उत्पाद की पेशकश की है, लेकिन कुछ अन्य लोगों की तुलना में इसकी क़ीमत अधिक है। एक अन्य सप्लायर समान गुणवत्ता और सेवा प्रदान नहीं करता है, लेकिन बहुत सस्ता है। क्या मैं पहले सप्लायर को बता सकता हूँ कि दूसरी कंपनी ने उनके लिए क्या क़ीमत उद्धृत किया ताकि वे अपनी क़ीमत कम कर सकें?**

नहीं। सप्लायर के बीच गोपनीय जानकारी साझा करना अनैतिक है और कई देशों में इसे क़ानून का उल्लंघन माना जाता है। हालांकि, आप दूसरे सप्लायर की क़ीमत या पहचान का खुलासा किए बिना पहले सप्लायर को बता सकते हैं कि हमें किसी और ने बेहतर क़ीमत की पेशकश की है।

**प्र हम ग्राहक के सुझाव पर सप्लायर को नियुक्त करना चाहते हैं। हमने सुना है कि इस सप्लायर की अच्छी प्रतिष्ठा है और उसने कई वर्षों तक हमारे ग्राहक के साथ अच्छा काम किया है। समय बचाने और ग्राहक को खुश रखने के लिए हम अपने सामान्य सप्लायर चयन प्रक्रिया को दरकिनार करना चाहते हैं। चूँकि ग्राहक इस कंपनी को जानता है और उस पर भरोसा करता है, क्या हमारी प्रक्रिया से गुज़रे बिना उन्हें काम पर रखना ठीक है?**

नहीं, हम तब तक आगे नहीं बढ़ सकते जब तक हम सभी सप्लायरों की स्क्रीनिंग और चयन के लिए एल्स्टॉम की अनिवार्य प्रक्रिया से नहीं गुज़रते।

# बिक्री भागीदार

**एल्स्टॉम कभी–कभी व्यावसायिक विकास, बिक्री या विपणन गतिविधियों की सहायता के लिए बाहरी तीसरे पक्ष को काम पर रखता है।** हम इन तीसरे पक्षों को "बिक्री भागीदार" कहते हैं। इन बाहरी व्यावसायिक साझेदारों द्वारा किए गए कार्य में एल्स्टॉम के संभावित या मौजूदा ग्राहकों के साथ या किसी सार्वजनिक या निजी अधिकारियों के साथ संपर्क शामिल हो सकते है।

**हमारे पास बिक्री भागीदारों की स्क्रीनिंग,** अनुमोदन, भर्ती, प्रबंधन और भुगतान के लिए बहुत विस्तृत और सख्त प्रक्रिया है। एल्स्टॉम की अपेक्षा है कि सभी बिक्री साझेदार हमारी नीतियों और उन सभी क्रियान्वित क़ानूनों और विनियमों का पालन करें जो उनकी गतिविधियों पर लागू होते हैं। यदि आपको संदेह है कि किसी बिक्री साझेदार ने क़ानून या किसी एल्स्टॉम नीति का उल्लंघन किया है, तो आपको नैतिकता व अनुपालन विभाग को जानकारी देनी होगी।

अधिक विस्तृत मार्गदर्शन के लिए एल्स्टॉम निर्देश LGL WMS 020, बिक्री पार्टनर देखें या नैतिकता व अनुपालन विभाग की सलाह लें।

## — व्यावहारिक उदाहरण —

**प्र किसी ऐसे सेल्स पार्टनर को नियुक्त करने के लिए मेरे पास बहुत ही कम समय है, जो नए बाज़ार में बड़ा अनुबंध हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। क्या उन्हें काम करना शुरू करने और फिर बाद में आवश्यक काग़ज़ी कार्रवाई और जाँच पूरी करने के लिए मौखिक स्वीकृति देना ठीक है?**

नहीं। पहले यथोचित जाँच, आंतरिक अनुमोदन प्रक्रिया और मानक लिखित समझौता सभी पूरे करने होंगे। अनुभवी और प्रतिष्ठित सलाहकार जानते हैं कि ये चीजें औपचारिक रूप से काम शुरू करने से पहले की जानी चाहिए।

**प्र हम एक ऐसे देश में प्रॉजेक्ट हासिल करने पर विचार कर रहे हैं, जहाँ वर्तमान में हमारे पास कोई व्यवसाय नहीं है। हम संभावित अवसरों और स्थानीय खरीद प्रक्रिया के बारे में और अधिक जानने में हमारी सहायता के लिए किसी सेल्स पार्टनर को नियुक्त करना चाहते हैं। सेल्स पार्टनर शुरू में बहुत कम शुल्क के लिए काम करने को तैयार है और फिर तब बोनस के रूप में मुआवज़ा दिया जा सकता है जब हम अंततः अनुबंध हासिल करते हैं। क्या इस तरह की भुगतान व्यवस्था की अनुमति है?**

नहीं, एल्सटॉम नीति द्वारा सफलता शुल्क या कमीशन के माध्यम से सेल्स पार्टनर को मुआवज़ा देने की अनुमति नहीं दी जाती है। इस प्रकार की भुगतान व्यवस्था का उपयोग व्यापार को हासिल करने या ग़ैर–क़ानूनी लाभ प्राप्त करने के लिए रिश्वत देने के तरीके के रूप में किया जा सकता है।

# सरकारी खरीद

**सार्वजनिक खरीद राज्य के स्वामित्व वाले उद्यमों और सार्वजनिक संस्थाओं द्वारा माल, सेवाओं और कार्यों की खरीद है।** राज्य के स्वामित्व वाली या सार्वजनिक संस्थाओं के साथ अनुबंध की बहुत ही विशिष्ट आवश्यकताएँ और जटिल खरीद नियम और प्रक्रियाएँ हैं। एल्स्टॉम सार्वजनिक खरीद को नियंत्रित करने वाले सभी क़ानूनों और नियमों का अनुपालन करता है।

**एल्स्टॉम सरकारी अधिकारियों को अनुचित रूप से प्रभावित करने के लिए रिश्वत के सभी स्वरूपों और किसी भी ग़ैर–क़ानूनी या अनैतिक प्रयासों को सख्ती से प्रतिबंधित करता है।** हम सभी भ्रष्टाचार–रोधी क़ानूनों का पालन करते हैं और सभी अनुबंधों और क़ानूनी दायित्वों के अनुसार, सरकारी अनुबंधों को सही ढंग से, सच्चाई से निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

जब वर्गीकृत या प्रतिबंधित सरकारी सूचनाएँ हमारे कब्जे में हों, तो यह ज़रूरी है कि हम ऐसी जानकारी के लिए लागू सुरक्षा प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन करें।

**क्योंकि सार्वजनिक खरीद से संबंधित नियम जटिल हैं और प्रत्येक देश में भिन्न हैं, कर्मचारियों को आवश्यकता अनुसार स्पष्टीकरण के लिए कानूनी विभाग से परामर्श करना चाहिए।**

# हम जिम्मेदार संगठित नागरिक हैं



एल्स्टॉम अपने कर्मचारियों, अपने ग्राहकों और अन्य हितधारकों के प्रति जिम्मेदार और नैतिक कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम पर्यावरणीय, सामाजिक, मानवाधिकार और उपभोक्ता संबंधी सरोकारों को अपनी मुख्य रणनीति और व्यावसायिक कार्यों में एकीकृत करते हैं। सभी एल्स्टॉम कर्मचारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है कि वे अपने आचरण के माध्यम से इन लक्ष्यों में योगदान दें।

# पर्यावरण संरक्षण

**एल्स्टॉम पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के प्रति काफ़ी सजग है।** हम अपने द्वारा बेची जाने वाली प्रणालियों, उपकरणों और सेवाओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में योगदान करते हैं। कंपनी की मुख्य गतिविधियाँ उत्सर्जन, ग्रीनहाउस गैसों को कम करने और दुर्लभ प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को सीमित करने के लिए प्रौद्योगिकी और समाधान प्रदान करने पर केंद्रित हैं। हम कर्मचारियों, ग्राहकों और हितधारकों को अपने उत्पादों के पर्यावरणीय प्रभाव के बारे में प्रासंगिक जानकारी देते हैं।

**हम अपने विनिर्माण, स्थापना और सेवा प्रक्रियाओं को इस प्रकार डिज़ाइन करते हैं जिसमें ख़तरनाक उत्पाद शामिल न हों,** ऐसी सामग्रियों का उपयोग किया जाता है जिनका पुनर्नवीकरण किया जा सके, और जो ऊर्जा की न्यूनतम मात्रा का उपभोग करता है। हमारे सभी प्रमुख निर्णयों में पर्यावरणीय प्रभाव पर ग़ौर किया जाता है और सभी आंतरिक नियमों, और प्रासंगिक क़ानूनों और विनियमों के अनुपालन में सावधानी से प्रबंधित किया जाता है।

सभी एल्स्टॉम कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि वे दिन प्रतिदिन के कार्यकलापों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को बनाए रखें।

अधिक विस्तृत मार्गदर्शन के लिए ALS POL 001, संवहनीयता और कॉर्पोरेट दायित्व नीति, तथा ALS POL 003, पर्यावरण, स्वास्थ्य व सुरक्षा नीति देखें।

**व्यावहारिक उदाहरण**

**प्र क्या बतौर कर्मचारी व्यक्तिगत रूप से मैं वाक़ई बड़े संगठन की तरह पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव में योगदान कर सकता हूँ?**

हाँ, आप ऐसा कर सकते हो। सभी प्रासंगिक कार्यों में यह सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी है कि पर्यावरणीय पहलू दैनिक निर्णय लेने में एकीकृत हों। सामूहिक रूप से हम फ़र्क पैदा कर सकते हैं। कुछ सरल चीज़ें हैं जो हम कर सकते हैं जैसे कि लाइट बंद करना, केवल वही प्रिंट करना जो हमें चाहिए, काग़ज़ रीसाइकल करना और व्यावसायिक यात्रा कम करना। इन सभी चीज़ों का हमारे पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

# सामुदायिक संबंध



**एल्स्टॉ उन समुदायों के लिए प्रतिबद्ध है जहाँ हम व्यापार करते हैं।** कर्मचारियों को स्वैच्छिक सेवा करने और अपने स्थानीय समुदायों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। कुछ देशों में, एल्स्टॉ ने उन परिस्थितियों को परिभाषित करने वाली स्वैच्छिक नीतियाँ विकसित की हैं, जिनके तहत कर्मचारी कार्यसमय के दौरान स्वयं–सेवा कर सकते हैं। ये गतिविधियाँ मैनेजमेंट की जानकारी और विवेक सहित की जाती हैं। एल्स्टॉ स्वीकृत गतिविधियों के बाहर अन्य स्थानीय समुदाय में कोई भी सहभागिता यह सुनिश्चित करते हुए आपके अपने समय में और आपके अपने नाम पर होनी चाहिए कि किन्हीं वास्तविक या कथित हितों के टकराव से बचा जा सके।

अधिक विस्तृत मार्गदर्शन के लिए ALS POL 001, संवहनीयता और कॉर्पोरेट दायित्व नीति देखें, या नैतिकता व अनुपालन या क़ानूनी विभाग से सलाह लें।

# राजनीतिक योगदान और गतिविधि

**एल्स्टॉम ऐसे राजनीतिक मुद्दों और परिवर्तनों के बारे में जागरूकता रखता है जो हमारे व्यवसाय को प्रभावित कर सकते हैं; मगर, हम कोई राजनीतिक योगदान नहीं देते हैं।** राजनीतिक योगदान किसी राजनीतिक दल, संगठन, राजनेता या चुनाव में भाग लेने वाले उम्मीदवार को किया जाने वाला भुगतान है। भुगतान कोई मूल्य वाली चीज़ हो सकती है जिसमें शामिल हैं माल, सेवाएँ, उपहार, ऋण, राजनीतिक बैठक या कार्यक्रम के लिए वित्तपोषण, विज्ञापन अभियान, या राजनेता, राजनीतिक पार्टी या राजनीतिक संगठन को प्रदान की गई मूल्य वाली कोई चीज़ जैसे कि कंपनी कार्यालय स्थान का उपयोग, कंप्यूटर उपकरण या स्टेशनरी।

**हम राजनीतिक दलों, राजनेताओं या राजनीतिक संगठनों में योगदान नहीं देते हैं।** एल्स्टॉम राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेने से संबंधित कर्मचारियों के व्यक्तिगत अधिकारों का सम्मान करता है, लेकिन, इस तरह की सभी गतिविधियाँ व्यक्तिगत स्तर पर, अपने नाम पर, आपके अपने समय में, आपके स्वयं के खर्च पर होनी चाहिए, और यह स्पष्ट होना चाहिए कि ये गतिविधियाँ एल्स्टॉम की ओर से नहीं की जा रही हैं। कोई भी स्थानीय राजनीतिक गतिविधि लागू क़ानूनों और नियमों के अनुपालन में की जानी चाहिए।

**क्योंकि नियम जटिल हैं** और देशवार भिन्न होते हैं, कर्मचारियों को आवश्यकता के अनुरूप स्पष्टीकरण के लिए नैतिकता व अनुपालन या क़ानूनी विभाग से परामर्श करना चाहिए।

अधिक विस्तृत मार्गदर्शन के लिए एल्स्टॉम निर्देश LGL WMS 011, राजनीतिक योगदान देखें।

**— व्यावहारिक उदाहरण —**

**प्र मैं जानता हूँ कि एल्स्टॉम राजनीतिक चंदे नहीं देता है या राजनीतिक गतिविधि में संलग्न नहीं होता है, लेकिन क्या मैं व्यक्तिगत रूप से इन गतिविधियों में भाग ले सकता हूँ?**

हाँ, हम सभी को व्यक्तिगत रूप से भाग लेने का अधिकार है, तथापि, यह सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है कि ये गतिविधियाँ आपके अपने समय में की जाती है, एल्स्टॉम संसाधनों या उपकरणों का उपयोग नहीं किया जाता है, और आपको यह स्पष्ट करना होगा कि ये आपकी व्यक्तिगत राय और गतिविधियाँ हैं, एल्स्टॉम की नहीं।

# धर्मार्थ योगदान

**एल्स्टॉम ऐसे धर्मार्थ कारणों के लिए योगदान देता है जो उन समुदायों की सेवा करते हैं जहाँ हम रहते हैं और काम करते हैं।** इन योगदानों का उद्देश्य उचित होना चाहिए और वास्तविक या कथित हितों का टकराव पैदा नहीं करना चाहिए या अनुचित लाभ पैदा करने के इरादे से नहीं होना चाहिए। सभी धर्मार्थ योगदानों के लिए लिखित पूर्व स्वीकृति लेनी होगी और ये एल्स्टॉम नीति के अनुपालन में उचित रूप से प्रलेखित होना चाहिए।

अधिक विस्तृत मार्गदर्शन के लिए एल्स्टॉम निर्देश LGL WMS 012, धर्मर्थ योगदान देखें या नैतिकता व अनुपालन विभाग से सलाह लें।

# प्रायोजन

**एल्स्टॉम अपनी व्यावसायिक रणनीति और मूल्यों के साथ संरेखित गतिविधियों को प्रायोजित करता है।** हर प्रायोजन लागू क़ानूनों और विनियमों के अनुरूप होना चाहिए और यह नए व्यापार को प्राप्त करने या मौजूदा व्यापार को बनाए रखने के लिए नहीं किया जा सकता है। सभी प्रायोजन गतिविधियों के लिए संचार विभाग से लिखित पूर्व स्वीकृति लेनी होगी और ये एल्स्टॉम नीति के अनुपालन में उचित रूप से प्रलेखित होने चाहिए।

अधिक विस्तृत मार्गदर्शन के लिए एल्स्टॉम निर्देश LGL WMS 013, प्रायोजन देखें या नैतिकता व अनुपालन विभाग से सलाह लें।

# सम्मान और समावेशिता

एल्स्टॉम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संरक्षित मानवाधिकारों का समर्थन करता है और कंपनी के भीतर व्यक्तियों के उचित और सम्मानजनक व्यवहार को बढ़ावा देता है।

# मानव अधिकारों का सम्मान

**एल्स्टॉम मानव अधिकारों और निष्पक्ष श्रम प्रथाओं को नियंत्रित करने वाले सभी क़ानूनों का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है।** हम व्यापार और मानव अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांतों का पालन करते हैं और ऐसे सभी स्थानों पर लागू अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून का पालन करते हैं जहाँ हम व्यापार करते हैं। एल्स्टॉम बाल श्रम सहित सभी प्रकार के अवैध, बेगार या अनिवार्य श्रम के उन्मूलन का समर्थन करता है। हम अपने आपूर्तिकर्ताओं और उप-ठेकेदारों द्वारा अवैध, बेगार, या अनिवार्य श्रम पर रोक लगाते हैं।

अधिक विस्तृत मार्गदर्शन के लिए एल्स्टॉम संवहनीय सोर्सिंग नीति, SCG POL 001 देखें।

**– व्यावहारिक उदाहरण –**


**प्र मुझे हाल ही में पता चला है कि हमारा एक सप्लायर बाल श्रम से संबंधित आरोपों के लिए चर्चा में रहा है। क्या एल्स्टॉम किसी बाहरी तीसरे पक्ष के व्यवहार के बारे में परवाह करता है या क्या मैं इसे अनदेखा कर सकता हूँ?**

एल्स्टॉम अपने सप्लायर और ठेकेदारों द्वारा श्रम और कोई अवैध या जबरन मजदूरी की प्रथाओं को नियंत्रित करने वाले सभी क़ानूनों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। हालांकि यह केवल आरोप हो सकता है, फिर भी आपको इस बारे में क़ानूनी/नैतिकता व अनुपालन विभाग को सूचित करना चाहिए, ताकि इस विशेष सप्लायर की व्यावसायिक प्रथाओं के बारे में अतिरिक्त जानकारी एकत्र की जा सके।

# कर्मचारियों के साथ संबंध

**एल्स्टॉम अपने कर्मचारियों के ट्रेड यूनियनों और श्रमिक संगठनों में भाग लेने के अधिकार का सम्मान करता है।** इसमें सामूहिक रूप से संगठित होने, शामिल होने और बातचीत से तय करने का अधिकार शामिल है। एल्स्टॉम सामाजिक सहयोगियों की भूमिका और जिम्मेदारियों का सम्मान करता है और उन्हें अपने मिशन का संचालन करने के लिए साधन उपलब्ध कराते हुए तथा उन्हें अपनी भूमिका निभाने से न रोकते हुए, सामूहिक हित की समस्याओं के समाधान के लिए खुले तौर पर संवाद करने और बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# कैरियर प्रबंधन



**एल्स्टॉम सक्रिय रूप से सभी कर्मचारियों के विकास को बढ़ावा देता है।** वार्षिक जन प्रबंधन चक्र (People Management Cycle) में शामिल है उद्देश्यों को परिभाषित करने, उपलब्धियों की समीक्षा और विकास की ज़रूरतों तथा कैरियर संबंधी लक्ष्यों के समाधान के लिए कर्मचारियों और मैनेजरों के बीच परस्पर बातचीत। एल्स्टॉम संगठन के सभी स्तरों पर आंतरिक गतिशीलता का समर्थन करता है।

अधिक विस्तृत मार्गदर्शन के लिए मानव संसाधन से परामर्श करें।

# समान अवसर, समावेशिता, और ग़ैर-भेदभाव



**एल्स्टॉम सभी योग्य कर्मचारियों और आवेदकों को समान रोजगार के अवसर प्रदान करता है** ताकि सभी को योगदान करने और सफलता प्राप्त करने का अवसर प्रदान करते हैं। विभिन्न पृष्ठभूमि से व्यक्तियों की भर्ती, प्रशिक्षण और व्यक्तिगत विकास, संगठन की महत्वपूर्ण परिसंपत्ति है। कंपनी इन असमानताओं को पहचानती और ऐसी टीमों के निर्माण द्वारा मान्यता देती है जो उन समुदायों और बाज़ारों को प्रतिबिंबित करे, जिनमें हम काम करते हैं।

एल्स्टॉम का विविधता और समावेशिता चार्टर एल्स्टॉम के सभी कर्मचारियों के लिए विविध कार्यबल और समावेशी कार्यस्थल को महत्व देने, प्रोत्साहित, समर्थन करने के लिए सामान्य रूपरेखा प्रदान करता है। हमारा मानना है कि अलग तरह के लोगों से युक्त और सबको शामिल करने वाला श्रमिक-समुदाय ही दीर्घकालिक और सफल व्यवसाय चलाने का साधन है।

भर्ती, निष्पादन मूल्यांकन, पदोन्नति, प्रशिक्षण, मुआवज़ा, और विकास सहित सभी रोजगार निर्णय केवल श्रेष्ठता, योग्यता, निष्पादन और अन्य व्यावसायिक विचारों सहित वस्तुपरक कारकों के आधार पर किए जाएँगे। एल्स्टॉम उम्र, जाति, लिंग, जातीय मूल, राष्ट्रीयता, धर्म, स्वास्थ्य, विकलांगता, वैवाहिक स्थिति, यौन अभिविन्यास, राजनीतिक या दार्शनिक मान्यताओं, व्यापार संघ की सदस्यता या लागू क़ानूनों और नियमों द्वारा संरक्षित अन्य विशेषताओं के संबंध में सभी भेदभाव को प्रतिबंधित करता है।

**एल्स्टॉम किसी भी तरह के उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं करता है।** सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि वे सहकर्मियों के साथ पेशेवर तरीके से और व्यक्तिगत संबंधों में विवेक से काम लें। यदि आप किसी भी प्रकार का उत्पीड़न या भेदभाव देखते हैं या अनुभव करते हैं, तो आप इसे अपने प्रत्यक्ष प्रबंधक या मानव संसाधन विभाग को रिपोर्ट कर सकते हैं। सद्भावना में रिपोर्ट करने के लिए आपके खिलाफ़ कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जा सकती है।

अधिक विस्तृत मार्गदर्शन के लिए HRM STD 102, एल्स्टॉम विविधता और समावेशिता चार्टर देखें या मानव संसाधन से परामर्श करें।

— व्यावहारिक उदाहरण —

**प्र** मेरा विभाग वर्तमान में नई टीम के सदस्यों की भर्ती कर रहा है। मैंने सुना है कि कुछ उम्मीदवारों को उन कारणों से बाहर रखा जा रहा है जो पोस्टिंग में सूचीबद्ध नौकरी की आवश्यकताओं से असंबंधित हैं। क्या मैं इस मुद्दे को उठा सकता हूँ और चुनौती दे सकता हूँ कि चयन निर्णय कैसे लिए जा रहे हैं?

हाँ, आप ऐसा कर सकते हैं और आपको आवाज़ उठानी चाहिए। आप भर्ती मैनेजर से बात कर सकते हैं और इसका उल्लेख कर सकते हैं या मानव संसाधन के साथ सीधे चर्चा कर सकते हैं। ध्यान रखें कि कुछ सुरक्षा, हितों का टकराव या क़ानूनी कारण हो सकते हैं, जिनके आधार पर कुछ आवेदकों पर विचार नहीं किया जा सकता है। यह सुनिश्चित करते हुए कि एल्स्टॉम में उचित भर्ती की प्रथाएँ हैं और समावेशी कार्य परिवेश कंपनी का महत्वपूर्ण लक्ष्य है और यह कुछ ऐसा है जिसमें हम सभी योगदान दे सकते हैं।

**प्र** हमारे विभाग में एक मैनेजर हैं जो अपना आपा खो देते हैं और कभी-कभी कर्मचारियों के साथ बातचीत में कठोर हो जाते हैं। मैं नहीं जानता कि मुझे इसकी रिपोर्ट करनी चाहिए या नहीं। क्या कंपनी इस तरह के व्यवहार का समाधान करेगी या इसे अनदेखा करेगी?

हाँ, आपको मानव संसाधन के साथ इस मामले को उठाना चाहिए। हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम पेशेवर ढंग से काम करें और एक-दूसरे के साथ मर्यादा और सम्मान के साथ व्यवहार करें।

# स्वास्थ्य और सुरक्षा




एल्स्टॉम में सभी कर्मचारियों के स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा कि सभी कर्मचारियों के लिए सुरक्षित कार्यस्थल बनाने के लिए उच्चतम मानक व्यवस्थित हैं। सभी स्थलों पर स्वास्थ्य और सुरक्षा जोखिम को खत्म करने और दुर्घटनाओं की संख्या को शून्य करने के उपायों को अपनाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। सभी कर्मचारियों और प्रबंधकों के गहन प्रशिक्षण और इन मानकों से विचलन पर शून्य-सहिष्णुता की नीति अपना कर इसे समर्थित किया गया है।

**अधिक विस्तृत मार्गदर्शन के लिए एल्स्टॉम निर्देश ALS POL 003, पर्यावरण, स्वास्थ्य व सुरक्षा, तथा ALS PRO 007, एल्स्टॉम सुरक्षा निर्देश तथा विचलन के प्रति शून्य सहनशीलता नीति देखें या पर्यावरण, स्वास्थ्य व सुरक्षा विभाग से सलाह लें।**

**— व्यावहारिक उदाहरण —**

**प्र हाल ही में हमारी साइट पर एक कर्मचारी काम से जुड़ी दुर्घटना का शिकार हुआ था। यह मामला बहुत गंभीर नहीं था, इसलिए हमारे कुछ सहकर्मियों ने उसे रिपोर्ट न करने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि शून्य दुर्घटना लक्ष्यों पर नकारात्मक प्रभाव न पड़े। क्या यह ठीक है?**

नहीं, सभी काम से जुड़ी दुर्घटनाओं को तुरंत प्रबंधन को सूचित किया जाना चाहिए। सबसे पहले, ज़रूरी है कि कर्मचारी को उचित चिकित्सा मुहैया कराई जाए और दूसरे, प्रबंधन को जागरूक किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित करने के लिए क़दम उठाए जा सकें कि सभी उचित सुरक्षा उपाय मौजूद हैं।

# डेटा प्राइवेसी

एल्स्टॉम यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक क़दम उठाएगा कि व्यक्तिगत डेटा उचित रूप से और कंपनी के सभी निर्देशों और लागू डेटा सुरक्षा क़ानूनों और विनियमों के अनुपालन में संचालित किया जाता है। जब तक आवश्यक न हो और क़ानून द्वारा अनुमत न हो, तब तक कोई भी व्यक्तिगत जानकारी तीसरे पक्ष को सूचित नहीं की जाएगी।

अपना काम निष्पादित करने के दौरान आपके पास दूसरों की व्यक्तिगत जानकारी तक पहुँच हो सकती है। इस डेटा तक पहुँच उन कर्मचारियों तक सीमित है जिनके पास अपने व्यक्तिगत कार्य और कार्य से जुड़ी जिम्मेदारियों के स्वरूप और दायरे के कारण एल्स्टॉम की ओर से इस जानकारी को संभालने का वैध कारण है। हर कर्मचारी की जिम्मेदारी है कि वह प्रत्येक व्यक्तिगत जानकारी को गलत इस्तेमाल या प्रकटीकरण से बचाने के लिए क़दम उठाएँ।

— व्यावहारिक उदाहरण —

**प्र विक्रेता के साथ Teams कॉल के दौरान, मेरे सहयोगी ने सभी विवरणों को कैप्चर करने और ज़्यादा हस्तलिखित नोट्स लेने से बचने के लिए अपने फ़ोन से कॉल को रिकॉर्ड किया। हमने किसी को कॉल पर सूचित नहीं किया कि उसे रिकॉर्ड किया जा रहा है। क्या यह ठीक है?**

नहीं। कॉल या मीटिंग की रिकॉर्डिंग की अनुमति नहीं है और इससे डेटा गोपनीयता नियमों का उल्लंघन हो सकता है।

**प्र मेरी बहन अपने खुद का व्यवसाय शुरू कर रही है और उसने मुझे अपने बिज़नेस मेलिंग सूची के लिए मेरे सहयोगियों के संपर्क विवरण देने के लिए कहा है। मुझे लगता है कि वे उसके द्वारा बेची जाने वाली चीज़ पसंद कर सकते हैं, इसलिए क्या मैं इस मामले में आगे बढ़ सकता हूँ और उसे उनके नाम और मेलिंग पते दे सकता हूँ?**

नहीं। आप यह जानकारी नहीं दे सकते। आपकी बहन को अपने ग्राहक आधार के निर्माण का कोई और तरीका खोजना होगा। कर्मचारियों के नाम और ईमेल पते व्यक्तिगत डेटा हैं और केवल एल्स्टॉम के वैध व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए उपयोग में लाए जा सकते हैं।

# कर्मचारियों की सुरक्षा



**एल्स्टॉ अपने कर्मचारियों को यथा संभव सुरक्षित कार्य परिवेश प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।** हम ऐसे सभी स्थानों पर सुरक्षा से संबंधित लागू क़ानूनों और नियमों का पालन करते हैं, जहाँ हम व्यापार संचालित करते हैं। एल्स्टॉ कर्मचारियों को स्थानीय खतरों और लागू नियमों के बारे में जागरूक रखने के लिए नियमित निर्देश जारी करती है। हम सुरक्षा जोखिमों को कम करने और सुरक्षा से जुड़ी घटना की स्थिति में प्रतिक्रिया करने के लिए प्रक्रियाओं का कार्यान्वयन करते हैं। सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि वे वर्त ान निर्देशों के बारे में सूचित रहें, उन्हें लागू करें और सुरक्षा से जुड़ी हर घटना मैनेजमेंट को तुरंत रिपोर्ट करें।

अधिक विस्तृत मार्गदर्शन के लिए एल्स्टॉ निर्देश ALS POL 005 सुरक्षा नीति, SEC MNL 001 सुरक्षा संगठन और HRM POL 007 वैश्विक यात्रा नीति देखें।

# कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा

प्रत्येक एल्स्टॉम कर्मचारी की जिम्मेदारी है कि वह कंपनी की संपत्ति और परिसंपत्तियों की रक्षा करे। इसमें कंपनी की निधि, आपूर्ति, पेटेंट किए गए आविष्कार, बौद्धिक संपदा, कंप्यूटर और टेलीफ़ोन नेटवर्क जैसे मूर्त आइटम शामिल हैं। इसमें अमूर्त वस्तुएँ भी शामिल हैं जैसे कि विचार, अवधारणा या कर्मचारियों द्वारा विकसित ज्ञान या एल्स्टॉम में अपने कार्य के दौरान जिस ज्ञान तक पहुँच हासिल हो। इसके अलावा, परिसंपत्तियों की रक्षा करने की जिम्मेदारी में ग्राहक और आपूर्तिकर्ता सूचियाँ और अन्य बाज़ार डेटा जैसी चीज़ें शामिल हैं।

**एल्स्टॉम की निधि और संपत्ति का ग़ैर–क़ानूनी उद्देश्यों के लिए या एल्स्टॉम की गतिविधियों से असंबंधित उद्देश्यों के लिए उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। आपको व्यक्तिगत व्यापार या व्यक्तिगत लाभ के लिए कंपनी की संपत्ति का उपयोग नहीं करना चाहिए, और न ही किसी ऐसे अन्य व्यक्ति को हमारी संपत्ति का उपयोग करने की अनुमति देनी चाहिए, जो एल्स्टॉम द्वारा नियुक्त या अधिकृत नहीं है। एल्स्टॉम की संपत्ति का दुरुपयोग या चोरी क़ानून का उल्लंघन है जिसके परिणामस्वरूप अनुशासनात्मक कार्रवाई और नागरिक या आपराधिक मुक़दमा चलाया जा सकता है।**

# कंपनी के आईटी संसाधनों का उपयोग

**एल्स्टॉम की संचार परिसंपत्तियों में सभी कंप्यूटिंग उपकरण,** आईटी नेटवर्क, प्रिंटर, कॉपियर, ई–मेल, वॉइसमेल, इंटरनेट, लैंड लाइन टेलीफ़ोन, मोबाइल फ़ोन, स्मार्टफ़ोन, और संचार के अन्य साधन शामिल हैं – जो एल्स्टॉम की परिसंपत्ति हैं और इनका उपयोग मुख्य रूप से व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जाना चाहिए। एल्स्टॉम सूचना प्रणालियों से जुड़े निजी उपकरणों के लिए, एल्स्टॉम उपयोगकर्ता के व्यक्तिगत डिवाइस पर स्थित पेशेवर डेटा के स्वामित्व को बनाए रखता है। जब उपयोगकर्ता एल्स्टॉम की नौकरी छोड़ देता है, तो सभी पेशेवर डेटा डिवाइस से मिटा दिए जाएँगे।

संचार संसाधनों का उपयोग इस मान्यता पर आधारित है कि निजी और व्यावसायिक जीवन परस्पर जुड़े हुए हैं और दोनों के बीच सही संतुलन एल्स्टॉम और उसके कर्मचारियों के लिए फ़ायदेमंद है। इसलिए, सीमित व्यक्तिगत उपयोग की अनुमति है, हालांकि, इस तरह के उपयोग को उस हद तक सीमित किया जाना चाहिए जो परिस्थितियों के तहत उचित और आवश्यक है और उनके पेशेवर कर्तव्यों में हस्तक्षेप नहीं करता है।



# गोपनीय जानकारी का सम्मान

**अपने काम के सामान्य क्रम के दौरान आपके पास एल्स्टॉम की व्यावसायिक गतिविधियों से संबंधित गोपनीय या मालिकाना डेटा तक पहुँच हो सकती है।** इसमें बाहरी हितधारकों जैसे कि ग्राहक, आपूर्तिकर्ता या अन्य व्यावसायिक भागीदारों से संबंधित जानकारी शामिल हो सकती है। गोपनीय जानकारी के उदाहरणों में व्यापार परिणाम, पूर्वानुमान, वित्तीय डेटा, मानव संसाधन और व्यक्तिगत डेटा, अधिग्रहण, हित या निवेशों की बिक्री, आदेश और नए उत्पादों के संबंध में जानकारी जैसी चीजें शामिल हैं। मालिकाना जानकारी के उदाहरणों में शामिल हैं व्यापार रणनीतियाँ, उत्पाद में सुधार, तकनीकी जानकारी, प्रणालियाँ, व्यापार रहस्य या अन्य विकसित या एल्स्टॉम द्वारा अधिग्रहित तकनीकी जानकारी। इस खंड में गोपनीयता और ग़ैर-प्रकटीकरण समझौतों द्वारा आवृत मामले भी शामिल हैं।

**ऐसी सभी सूचनाओं तक पहुँच उन कर्मचारियों तक सीमित है** जिनके कार्य में विशेष रूप से इस डेटा के उपयोग और संचालन की ज़रूरत है। सभी गोपनीय और मालिकाना जानकारी को केवल सुरक्षित और अधिकृत उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जाना चाहिए। ये आवश्यकताएँ रोजगार की शर्तों से परे हैं।

**आपको गोपनीय सूचना या मौद्रिक भुगतान के संदिग्ध प्रतीत होने वाले अनुरोध प्राप्त हो सकते हैं।** आपको अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिए क्योंकि धोखाधड़ी या जबरन वसूली करने के लिए इस प्रकार के संचार एल्स्टॉम की जानकारी प्राप्त करने के ग़ैर-क़ानूनी प्रयास हो सकते हैं। यदि आप सुनिश्चित नहीं हैं कि आप गोपनीय जानकारी का ठीक से खुलासा कर सकते हैं या आपके पास मौजूद जानकारी पर कार्रवाई कर सकते हैं या नहीं, तो अपने प्रबंधक से मार्गदर्शन लें।

**अधिक विस्तृत मार्गदर्शन के लिए डेटा संरक्षण संबंधी स्वर्णिम नियम यानी गोल्डन रूल्स देखें या नैतिकता व अनुपालन या क़ानूनी विभाग से सलाह लें।**

**— व्यावहारिक उदाहरण —**

**प्र मुझे काम के सिलसिले में बारंबार यात्रा करनी पड़ती है और कभी-कभी मैं हवाई अड्डे या रेलवे स्टेशन जैसे सार्वजनिक स्थलों पर संवेदनशील ई-मेल देखता रहता हूँ। क्या मेरे लिए सार्वजनिक रूप से काम करना ठीक है जब दूसरे लोग देख सकते हैं कि मैं क्या काम कर रहा हूँ?**

जब तक आप जानकारी को जनता की नज़रों से गोपनीय रखने के लिए क़दम उठाते हैं, तब तक आपके लिए सार्वजनिक स्थानों पर काम करना अनुमत है। आपको एल्स्टॉम की गोपनीय और मालिकाना जानकारी के मामले में अतिरिक्त ध्यान रखना होगा।



# अंदरूनी लेन-देन

**एक सूचीबद्ध कंपनी के रूप में, एल्स्टॉम कई न्यायिक अधिकार-क्षेत्रों में प्रतिभूति क़ानून और नियमों के अधीन है** जो जनता के लिए जानकारी के उपयोग और प्रकटीकरण को विनियमित करते हैं।

**अपने काम के सामान्य क्रम के दौरान,** आप सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से एल्स्टॉम से संबंधित ऐसी संवेदनशील जानकारी तक पहुँच प्राप्त कर सकते हैं और जिस जानकारी के सार्वजनिक होने से पहले एल्स्टॉम के शेयरों की क़ीमतों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की संभावना है; इसे "अंदरूनी जानकारी" कहा जाता है। एल्स्टॉम द्वारा सार्वजनिक रूप से खुलासा किए जाने तक ऐसी किसी भी सूचना को सख्ती से गोपनीय रखा जाना चाहिए।

**अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए अंदरूनी जानकारी पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कार्रवाई करना या करने की कोशिश करना,** आधिकारिक तौर पर खुलासा किए जाने से पहले किसी के साथ इसे साझा करना एल्स्टॉम की नीति द्वारा प्रतिबंधित है और इससे प्रतिभूतियों के क़ानून का उल्लंघन होता है। इस तरह के उल्लघन जुर्माना या कारावास जैसे गंभीर दंड के अधीन हैं।

**अंदरूनी जानकारी से संबंधित नियम उन सूचनाओं पर भी लागू होते हैं** जिन्हें आप ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, और व्यापार भागीदारों सहित अन्य सूचीबद्ध कंपनियों के बारे में जान सकते हैं।


अधिक विस्तृत मार्गदर्शन और अंदरूनी जानकारी की संपूर्ण परिभाषा के लिए एल्स्टॉम निर्देश LGL WMS 008, अंदरूनी लेन-देन देखें या क़ानूनी विभाग से सलाह लें।

**— व्यावहारिक उदाहरण —**

**प्र मैंने अभी सुना है कि एल्स्टॉम किसी अन्य कंपनी का अधिग्रहण करने वाला है। मैं एल्स्टॉम के शेयरों को खरीदना चाहता हूँ क्योंकि सार्वजनिक रूप से इस सौदे की घोषणा होने के बाद मूल्य में वृद्धि होने की संभावना है। क्या मेरे लिए यह स्टॉक खरीदना ठीक है?**

नहीं। एल्स्टॉम कर्मचारी के रूप में, इस बात की सबसे अधिक संभावना है कि आप अंदरूनी सूत्र माने जाएँ और इसलिए यदि यह कंपनी सूचीबद्ध है तो एल्स्टॉम या लक्षित कंपनी के स्टॉक को तब तक खरीद या बेच नहीं सकते हैं जब तक कि सौदा सार्वजनिक नहीं किया जाता है।

# बौद्धिक सम्पदा



**एल्स्टॉम की बौद्धिक संपदा कंपनी की मूल्यवान परिसंपत्ति है जिसे सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है।** इसमें शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं, पेटेंट, आविष्कार, डिज़ाइन, ट्रेडमार्क, व्यापार नाम, व्यवसाय का नाम, सद्भावना, तकनीकी जानकारी, व्यापार रहस्य और लोगो। कर्मचारियों को हर समय हमारी बौद्धिक संपदा की रक्षा के लिए क़दम उठाना चाहिए और सार्वजनिक संवेदनशील चर्चाओं से बचना चाहिए। एल्स्टॉम यह सुनिश्चित करता है कि हम दूसरों से संबंधित वैध बौद्धिक संपदा को सुरक्षित और संरक्षित करें, जिनके साथ हम व्यापार करते हैं।

अधिक विस्तृत मार्गदर्शन के लिए एल्स्टॉम निर्देश IPD WMS 008, एल्स्टॉम की अमूर्त परिसंपत्तियों का संरक्षण देखें या क़ानूनी विभाग से परामर्श लें।

# सामाजिक नेटवर्क का उपयोग

सोशल मीडिया हमारे लिए सूचना साझा करने और उद्योग नेटवर्किंग में भाग लेने का महत्वपूर्ण साधन है। आंतरिक या बाहरी सोशल मीडिया चैनलों के माध्यम से कंपनी की जानकारी साझा करते समय एल्स्टॉम के कर्मचारियों को सावधानी बरतनी चाहिए। आपको ऐसी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए जो व्यक्तिगत कर्मचारियों संगठन के रूप में एल्स्टॉम की गोपनीय, मालिकाना जानकारी, अपमानजनक, अपकारक या प्रतिष्ठा के खिलाफ़ हो। इसके अलावा, सुनिश्चित करें कि आप व्यक्तियों या समूहों की तस्वीरें पोस्ट करते समय डेटा गोपनीयता के सभी नियमों और विनियमों का पालन करते हैं।

अधिक विस्तृत मार्गदर्शन के लिए एल्स्टॉम निर्देश COM WMS 013, सोशल मीडिया चैनलों का उपयोग देखें।

**— व्यावहारिक उदाहरण —**

**प्र में HR में काम करता हूँ और LinkedIn पर मुझसे एक नौकरी की पेशकश करने वाले ने यह कहते हुए संपर्क किया था कि उन्होंने हमारे एक ऐसे नए प्रॉजेक्ट के बारे में पोस्ट देखा है जिसमें हमें स्टाफ़ बढ़ाने की ज़रूरत होगी। क्या मैं इस भर्ती करने वाले के साथ बात कर सकता हूँ और प्रॉजेक्ट तथा स्टाफ़ संबंधी हमारी भावी ज़रूरतों के बारे में जानकारी साझा कर सकता हूँ?**

आपको यहाँ सावधानी बरतनी चाहिए। हालांकि यह एक मामूली अनुरोध की तरह लग सकता है, लेकिन आप ऐसी कोई भी जानकारी साझा नहीं कर सकते हैं जिसे एल्स्टॉम मालिकाना या संवेदनशील मान सकता है। सार्वजनिक रूप से एल्स्टॉम के प्रॉजेक्ट्स के बारे में कोई भी जानकारी साझा करने से पहले संचार विभाग से मार्गदर्शन लें।

# विश्लेषकों और/या निवेशकों के साथ संचार

**एल्स्टॉम सभी वित्तीय और व्यावसायिक जानकारी का संचालन** बहुत सावधानी से करता है और जनता को जानकारी जारी करते समय बहुत सावधानी बरतता है। इसलिए, निवेशक संबंध विभाग (Investor Relations department) विश्लेषकों और निवेशकों के साथ सभी संचार के लिए जिम्मेदार है। यदि कोई विश्लेषक या निवेशक आपसे पूछताछ करता है, तो निवेशक संबंध विभाग को सूचित करें जो मामले को संभालेंगे।

जब तक निवेशक संबंध विभाग द्वारा स्पष्ट रूप से अधिकृत नहीं किया जाता, तब तक कोई भी एल्स्टॉम कर्मचारी ऐसे कार्यक्रमों या बैठकों में भाग नहीं ले सकता है जिसमें निवेशक उपस्थित हों।

# मीडिया के साथ संचार

**मीडिया के साथ सभी बाहरी संचार एल्स्टॉम की छवि या प्रतिष्ठा को प्रभावित कर सकते हैं** और उनकी सावधानीपूर्वक समीक्षा करनी चाहिए और उन्हें नियंत्रित किया जाना चाहिए। इसलिए, एल्स्टॉम संचार विभाग सक्रिय रूप से ग्राहकों, राय निर्माताओं, विश्लेषकों, निवेशकों, जनता और अन्य बाहरी हितधारकों के साथ संचार का प्रबंधन करता है।

**मीडिया के समक्ष दिए जाने वाले सभी बयानों या मीडिया द्वारा की गई पूछताछ से संबंधित प्रतिक्रियाओं को संचार विभाग द्वारा समन्वित और नियंत्रित** किया जाना चाहिए। यदि आप बाहर एल्स्टॉम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, तो आपको कोई भी जानकारी साझा करने से पहले अपने संचार विभाग से पूर्व अनुमोदन लेनी चाहिए।

**ALSTOM - आचार-संहिता 2020. © ALSTOM SA, 2020. सर्वाधिकार सुरक्षित। ALSTOM, ALSTOM logo** सभी वैकल्पिक संस्करण और ALSTOM की परिवहन गतिविधियों के सभी उल्लिखित ट्रेडमार्क, ALSTOM SA या ALSTOM Transport Technologies के ब्रांड और ट्रेडमार्क हैं। अन्य उल्लिखित नाम, चाहे पंजीकृत हों या न हों, उनके संबंधित मालिकों की संपत्ति हैं। वर्त ान दस्तावेज़ में निहित तकनीकी और अन्य स्वरूप के डेटा केवल जानकारी के प्रयोजन से दिए गए हैं। ALSTOM को किसी भी समय और बिना किसी चेतावनी के इस डेटा पर पुनर्विचार करने या बदलने का अधिकार है। इस अंक में प्रकाशित लेख और चित्र, पूर्व लिखित प्राधिकरण के बिना पुनर्प्रस्तुत नहीं किए जा सकते हैं। **डिज़ाइन-प्रोडक्शन:** côtécorp. **फोटो श्रेय:** © Alstom/Vincent Catala, Samuel Dhote, Arnaud Février, R. Frampe, S. Lee, Richard Nourry, A. Pavone, Thibaut Priou, David Richard, Earl Richardson, Christel Sasso, Ramon Vilalta, J. Schweitzer.

**Alstom**
48, rue Albert Dhalenne
93482 Saint-Ouen Cedex
Phone: + 33 1 57 06 90 00
Fax: + 33 1 57 06 96 66

www.alstom.com

ALSTOM
• mobility by nature •